ई-21/1/2024-भाषा

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग

(हिंदी अनुभाग)

मानव अधिकार भवन, सी-ब्लॉक, जी.पी.ओ. कॉम्प्लेक्स,
आई.एन.ए., नई दिल्ली – 110023

दिनांक 22/05/2024

विषयः हिंदी पत्रिका "मानव अधिकार : नई दिशाएं" (अंक-21) में प्रकाशन हेतु आलेख/कहानी/कविता आमंत्रित करने के संबंध में।

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग अपने स्थापना काल से ही देश में मानव अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से आयोग द्वारा वर्ष 2004 से एक वार्षिक हिन्दी पत्रिका, **"मानव अधिकार : नई दिशाएँ"** का प्रकाशन किया जा रहा है। इसमें मानवीय संवेदनाओं के प्रति रूचि रखने वाले बुद्धिजीवियों, लेखकों तथा अकादमिक क्षेत्र से जुडे महानुभावों के आलेख प्रकाशित किए जाते हैं।

इस वर्ष पत्रिका का 21 वां अंक प्रकाशित किया जाना है जिसका मुख्य विषय '**सर्वे भवन्तु सुखिनः**' निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही निम्नलिखित विषयों को भी **उपविषय** के रूप में शामिल किया गया है**:-**

- स्वच्छ पेयजल का अधिकार
- न्याय का अधिकार
- पोषण का अधिकार
- विस्थापितों के अधिकार
- दिव्यांगजनों के अधिकार
- ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकार
- मैन्युअल स्केवेंजिंग – एक अभिशाप
- महिला सशक्तीकरण
- स्वास्थ्य का अधिकार : मानसिक स्वास्थ्य के विशेष संदर्भ में
- जल, जंगल, जमीन का क्षरण

पत्रिका के लिए प्राप्त प्रविष्टि उपरोक्त विषयों से संबंधित ही होनी चाहिए। प्रविष्टि मौलिक होनी चाहिए तथा कहीं और प्रकाशित नहीं होनी चाहिए, **इस संबंध में लेखक/लेखिका द्वारा स्व-सत्यापित घोषणा-पत्र एवं संक्षिप्त परिचय भी संलग्न करना होगा**। लेखक/लेखिकाओं को हिंदी भाषा में लेखन का अच छा ज्ञान एवं अनुभव होने के साथ-साथ मानव अधिकारों की समझ भी होनी चाहिए।

आयोग में ई-मेल **(patrika-nhrc@gov.in)** द्वारा प्रविष्टियां प्राप्त करने की **अंतिम तिथि 10 जून, 2024** निर्धारित की गई है। प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन करवाया जाएगा। मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा चयनित उत्कृष्ट प्रविष्टियों को ही पत्रिका में शामिल किया जाएगा तथा आयोग की ओर से निर्धारित मानदेय दिया जाएगा।

नोट :

1. *कृपया अपनी प्रविष्टियां **केवल मंगल (यूनिकोड) फॉन्ट** में तथा **patrika-nhrc@gov.in** पर ही प्रेषित करें, किसी अन्य फॉन्ट पर भेजी गई प्रविष्टियां विचारणीय नहीं होंगी।*

2. *प्रविष्टि की **अधिकतम शब्द सीमा 2000 शब्द** तक ही होनी चाहिए।*

(वीरेंद्र सिंह)
निदेशक (प्रशासन)

Signed by
Virender Singh
Date: 26-05-2024 11:00:53